ओ३म्

संस्कृतशिक्षक

प्रथम भाग

संस्कृत सीखने का सर्वोत्तम साधन

जिस में

वर्तमान नवीनप्रणाली के अनुसार संस्कृत-व्याकरण के गूढ़ नियमों को सरलभाषा द्वारा समझाया गया है तथा नीचे प्रत्येक विषय के पाणिनिकृत अष्टाध्यायी के आवश्यक सूत्र काशिका की वृत्तिसहित दिये गये हैं। साथ २ ही विद्यार्थियों की सुगमता के उद्देश्य से उदाहरण भी दिखलाये गये हैं॥

रचयिता

श्री पं० देवदत्त त्रिपाठी नैनीताल

प्रकाशक

रघुवीरशरण दुबलिश सम्पादक 'भास्कर' पत्र

मेरठ शहर

मिलने का पता-

मैनेजर भास्कर प्रेस मेरठ शहर

प्रथमवार १२००] संवत् १९७४ [मूल्य ॥=)

Printed & Published by

RAGHUVIR SHARAN DUBLIS

at the Bhaskar Press, Meerut City.

ओ३म्

समर्पणम्

श्री ६ पूज्यपाद-पण्डितप्रवर-स्वर्गीयपितृ-
रमादत्तशर्म्म-चरण-सरोरुहेषु

श्रीमन् ! आप का संस्कृत एवम् भारतीयभाषा के प्रति अगाध प्रेम था। आपने हिन्दी भाषा के भाण्डार को भरने के लिये अनेक परमोपयोगी ग्रन्थों का निर्माण भी किया, जो आप के नाम को चिरस्थायी एवम् आप की विद्याप्रभा-साहित्यप्रेमादि सद्गुणों को अटल रखने के लिये पर्याप्त हैं; तथापि जिस प्रकार अनेक पुरुष अपने पितरों के स्मरणार्थ उन के नाम से धर्मशाला मन्दिर विद्यालयादि की स्थापना करते हैं उस ही प्रकार आप के स्मृत्यर्थ मेरी यह तुच्छ कृति है ॥

आप का पुत्र-
देवदत्त

ओ३म्

ग्रन्थकार का निवेदन

ऐश्वरी संस्कृतावाणी सर्व-कर्म-प्रसाधिनी।
सुबोधिनी च शास्त्राणां जिह्वाजाड्य-विनाशिनी

अधुना प्राचीन घटना एवम् पुराचीन साहित्य के अन्वेषक एवम् आर्य (हिन्दू) समुदाय की इच्छा संस्कृतभाषाज्ञान की ओर विशेष दृष्ट होती है। क्योंकि यह निर्विवादतया सर्वमान्य है कि पुराकाल में समस्त महीमण्डल की राष्ट्रभाषा एकमात्र संस्कृत भाषा ही थी। अतः तत्कालीन विद्वन्मण्डल ने इस संस्कृत भाषा को न्याय योग, सांख्य, वेदान्त, इतिहास, ज्योतिष, वैद्यक, नीति, विज्ञानादि विविध विषयों से समलंकृत सर्वांगसुन्दर बना डाला था; साहित्य के किसी भी अंग में किसी प्रकार की त्रुटि न रक्खी थी। कोई भी साहित्य का ऐसा विषय न था कि जिस पर संस्कृतभाषा के विद्वानों ने बहुविध भाव-मय श्रेष्ठतम ग्रन्थों की रचना न की हो। अतएव प्राचीन घटनाओं के अन्वेषणार्थ एवम् पुराकालीन विशेषताओं के बोधार्थ संस्कृतभाषा के ज्ञान की अत्यावश्यकता है। इसके अतिरिक्त भारतवर्षान्तर्गत जितने शैव, शाक्त, वैष्णव, गाणपत्य आदि आदि शिखाधारी सम्प्रदाय वा पन्थ हैं उन सब के धर्म-ग्रन्थ संस्कृतभाषा में ही हैं। अतएव उन २ प्रत्येक

साम्प्रदायिकों को अपने २ धार्मिक सिद्धान्तों वा नियमों के पूर्णतया जानने के लिये भी संस्कृत ज्ञान की अत्यावश्यकता है, क्योंकि विना ऐसा किये उन को अपने सम्प्रदाय के समस्त सिद्धान्तों वा नियमों का पूर्णतया बोध नहीं हो सकता । उक्त २ प्रधान हेतुओं से प्रत्येक भारतीय को संस्कृतभाषा का कुछ न कुछ ज्ञान प्राप्त करना अत्यावश्यक है । परन्तु आधुनिक शिक्षाविधि के समयानुकूल न होने से अधिककाल पर्यन्त कठिन श्रम करने पर भी बहुत ही कम बोध होता है । इस पर भी संस्कृत व्याकरण का अध्ययन करना तो अतीव कठिन है । इस बात को समस्त संसार के विद्वान् निर्विवादतया स्वीकृत करते हैं कि किसी भाषा का ज्ञान, उस भाषा के व्याकरणज्ञान के विना, उस भाषा को न जानने के ही समान है । किसी कवि ने कहा है कि:—

शब्दशास्त्रमनधीत्य यः पुमान् वक्तुमिच्छति वचः सभान्तरे ।
हस्तिनं कमलनालतन्तुना बद्धुमिच्छति मदोत्कटं वने ॥
यद्यपि बहुनाधीषे तथापि पठ पुत्र व्याकरणम् ।
स्वजनः श्वजनो सकलं शकलं सकृच्छकृत् ॥

कवि का आशय है कि जो पुरुष विना शब्द-शास्त्र के पढ़े सभा में कुछ बोलना चाहता है वह मानो मत्त हाथी को कमलतन्तु से विकट वन में बांधना चाहता है । फिर कवि अपने पुत्र से कहता है कि " हे पुत्र ! तू यदि अधिक नहीं भी पढ़ता है तो शब्दशास्त्र को तो अवश्यमेव पढ़ । देख,

'स्वजन' शब्द का उच्चारण करते समय "श्वजन" न हो जाय एवम् सकृत् के स्थान में शकृत्, सकल के स्थान में शकल न बोला जावे।" भावार्थ यह है कि स्वजन शब्द का अर्थ अपना आदमी है, परन्तु इस ही स्वजन शब्द के दन्त्यसकार के स्थान में तालव्य शकार लिख वा बोल दिया जाय तो उक्त शब्द का अर्थ कुत्ते का आदमी हो जाता है। एवम् सकृत्=१ वार, शकृत्=विष्टा; सकल=समूचा, शकल=टुकड़ा। इन शब्दों में सकार और शकार के भेदमात्र से ही अर्थ में आन्तर्य होजाता है॥

हम पहिले ही लिख चुके हैं कि अधुना संस्कृताध्ययन उस में भी व्याकरण का बोध करना अतीव क्लिष्ट है। जब चिरकाल पर्यन्त कठिन श्रम किया जाय तब कहीं कुछ बोध होता है। इसी हेतु से प्रायः आधुनिक संस्कृत के विद्वान् व्याकरणशास्त्र के अतिरिक्त अन्य ज्योतिष, भूगोल, इतिहास, विज्ञानादि विषयों पर विशेषज्ञ नहीं दीखते। उन की ऐसी दशा देख संस्कृत का प्रचार दिनोंदिन कम होता जारहा है। इन्हीं विचारों से हमारे मन ने यह संकल्प किया कि कोई ऐसा ग्रन्थ लिखा जाय कि जिस के द्वारा संस्कृतभाषा का बोध सरलतया हो सके। उक्त प्रणानुसार ही यह पुस्तक पाठकों के सन्मुख उपस्थित की जाती है। यों तो संसार में ऐसी वस्तु कौनसी कि जिस में गुण-दोष न हों, तथापि हम में

जहां तक शक्ति थी देशकालानुसार इस पुस्तक को सरल एवम् उपयोगी बनाने में त्रुटि नहीं रक्खी है॥

अन्त में पाठकों को इस हर्षसमाचार से सूचित करते हैं कि ग्रन्थकार के निवेदन पर इस पुस्तक का शोधनभार अंग्रेजी तथा देववाणी के पारंगत संस्कृत-साहित्य के महार्णव लब्धप्रतिष्ठ विद्वान् प्राड्विवेक श्रीमान् पण्डित श्रीकृष्ण जोशी B. A. L. L. B. महोदय ने सहर्ष स्वीकृत किया एवम् सम्यक्तया ग्रन्थ का अवलोकन तथा अशुद्धिनिष्कासन करते हुए उक्त विद्वान् महोदय ने आरम्भ में एक छोटी सी भूमिका भी लिखी है। इस से लेखक को पूर्ण विश्वास है कि अब यह ग्रन्थ प्रत्येक संस्कृत विद्यालयों एवम् गुरुकुल, ऋषिकुलादि सब संस्थाओं के उपयोगी होगा। क्योंकि प्राचीन प्रणालीसे अध्ययनाध्यापनेच्छुकगण इस पुस्तक के निम्नभाग में लिखे सूत्रों द्वारा अपनी इच्छा की पूर्त्ति कर सकते हैं, एवम् नवीनशिक्षापद्धति के प्रेमी सज्जन हिन्दीभाषा में लिखे नियमों द्वारा अपने अभीष्ट को पा सकते हैं। इस के अतिरिक्त इस ग्रन्थ के द्वारा, विना गुरु, घर में ही स्वयं पढ़ने वालों का भी बहुत कुछ उपकार होना सम्भव है। यदि पाठकों ने इसे अपनाया तो इस ग्रन्थ के अन्य भाग भी शीघ्र प्रस्तुत होंगे॥

निवेदक—देवदत्त त्रिपाठी नैनीताल

भूमिका

संस्कृतभाषा की उपादेयता तो निर्विवाद सिद्ध ही है। संस्कृतभाषा जो प्राचीन आर्यों में भूमण्डल-व्यापिनी राष्ट्रभाषा थी उस में अब भी सार्वजनिक भाषा होने की योग्यता है। कम से कम सनातनधर्म की रक्षा के निमित्त और प्राचीन गौरव की रक्षा के निमित्त तो यह गीर्वाण वाणी अत्यन्त ही आवश्यक है। आधुनिक भाषाओं की यह माता है। संस्कृत के धातु प्रत्ययों को ही आधुनिक भाषाओं में प्रयोग करने के निमित्त नवीन २ शब्दों की रचना हो सकती है। इस लिये मनुष्य को विशेषकर प्रत्येक भारतवासी को संस्कृत जानना ही चाहिये ॥

गीर्वाण वाणी के पवित्र स्रोत से शुद्ध विद्यामृत जो श्री पाणिनि मुनि के सूत्ररूपी गंगोत्तरी तथा श्री पतञ्जलि मुनि के महाभाष्य रूपी गंगाद्वार से मिल सकता है वह अन्य स्थलों में कहां? तथापि ग्रन्थकार श्री० पं० देवदत्त त्रिपाठी जी ने शिल्पकार (Engineer) बन कर उस पवित्र विद्यामृत के स्रोत की उन्नत गिरिशिखर–दुर्गम उपत्यकाओं में प्रवेशकर शुद्ध उद्गमस्थान (Fountain–head) से सर्वसाधारण

के हितार्थ इस छोटी पत्रिका रूपी कुल्या के द्वारा उसी पवित्र व्याकरणामृत का भारतवर्ष में घर घर पहुंचाने का विचार किया है । ग्रन्थ छोटा होने पर भी अभ्याससहित व्याकरणशिक्षा (Practical teaching) के उपयोगी है । इसमें जो बात सिखाई है उसी का तुरन्त प्रयोग भी वाक्यरचना उदाहरण अनुवाद इत्यादि द्वारा बताकर व्याकरण को पाक्षिकी विद्या-श्रेणी से मुक्त कर दिया है ॥

आशा है कि इस ग्रन्थ के समस्तभाग शीघ्र ही प्रकाशित हो जांयगे । यदि पाठक इस ग्रन्थ की सहायता से कुछ संस्कृतवाणी को सीख सकेंगे तो ग्रन्थकर्ता तथा उस के सहायकगण अपने २ को कृत-कृत्य समझेंगे ॥ श्रीरस्तु ॥

श्रीकृष्ण जोशी बी. ए. एल. एल. बी.

वकील हाईकोर्ट

नैनीताल

उपयोगिसूत्रसूची ।

हमने इस ग्रन्थ में जो प्रक्रम दिये हैं वे भिन्न २ अष्टाध्यायी आदि के सूत्रानुसार हैं, उन प्रक्रमों के आधार सूत्रों को साथ में नीचे लिख दिया है। परन्तु जो इस ग्रन्थ को सूत्रानुसार पढ़ना चाहें, उन्हें प्रथम निम्न-लिखित सूत्र भी कण्ठस्थ कर लेने चाहियें। बिना इन सूत्रों को कण्ठस्थ किये अन्य ग्रन्थस्थ सूत्रों का अर्थ लगाना वा उपयोग करना नहीं हो सकता :—

अइउण् ॥ १ ॥ ऋलृक् ॥ २ ॥ एओङ् ॥ ३ ॥ ऐ-औच् ॥ ४ ॥ हयवरट् ॥ ५ ॥ लण् ॥ ६ ॥ ञम-ङणनम् ॥ ७ ॥ झभञ् ॥ ८ ॥ घढधष् ॥ ९ ॥ जबगडदश् ॥ १० ॥ खफछठथचटतव् ॥ ११ ॥ कपय् ॥ १२ ॥ शषसर् ॥ १३ ॥ हल् ॥ १४ ॥ इतिप्रत्या-हारसूत्राणि अणादिसंज्ञार्थानि । एषामन्त्या इतः हकारादिषु अकार उच्चारणार्थः लण्मध्येत्वित्-संज्ञकः ॥

भावार्थ—उक्त "अइउण्" आदि १४ सूत्र अण् आदि प्रत्याहार बनाने के लिये हैं । व्याकरणशास्त्र में प्रत्याहार उस को कहते हैं कि जिस में केवल दो अक्षरों के कहने से बहुत से अक्षरों का बोध होजाय, जैसे "अण्" इतना कहने से अ इ उ इन तीन अक्षरों का बोध होजाता है । इन प्रत्याहारों को बनाने वा

उपयोग करने की रीति अगले सूत्र में बतलावेंगे। इन १४ सूत्रों में से प्रत्येक सूत्र का अन्तिम अक्षर इत्संज्ञक है (उस इत्संज्ञक अक्षर के नीचे इस प्रकार का चिह्न (्) कर दिया गया है)। पांचवें सूत्र से चौदहवें सूत्र तक जितने अक्षर हैं सब व्यञ्जन हैं, अतः इन सब अक्षरों के साथ जो अकार का भी उच्चारण होता है वह केवल बोलने के निमित्त है (क्योंकि व्यञ्जनवर्ण बिना स्वर की सहायता से नहीं बोले जा सकते। देखो इस ग्रन्थ का दूसरा प्रक्रम); परन्तु "लण्" सूत्र में ल के अन्तर्गत का अकार प्रत्याहार बनाने के लिये है॥

आदिरन्त्येन सहेता १। १। ७१॥

अन्त्येनेता सहित आदिर्मध्यगानां वर्णानां स्वस्य च ग्राहको भवति॥

भावार्थ—प्रत्याहार बनाने की रीति यह है कि जो प्रत्याहार बनाना हो प्रथम जिस अक्षर से प्रत्याहार बनाना है उस को लो, फिर अन्तिम इत्संज्ञक अक्षर का ग्रहण करो, प्रत्याहार बन जायगा। उस प्रत्याहार का आदिवर्ण अन्त्य इत् के साथ मिलकर मध्यस्थ और स्वीय स्वरूप का भी ग्राहक होता है। यथा अण्=अ इ उ। अक्=अ इ उ ऋ, ऌ इत्यादि। यहां पर इस बात का भी ध्यान रहे कि प्रत्याहार बनाने में यदि मध्य में कोई इत्संज्ञक अक्षर उपस्थित हों तो उन का लोप हो जाता है, क्योंकि इत्संज्ञक अक्षर

की गणना नहीं होती। और यों तो प्रत्याहार बहुत से हो सकते हैं; परन्तु व्याकरणशास्त्र में उक्त सूत्रों से बने हुए केवल ४२ प्रत्याहारों का ही प्रयोग हुआ है, जिनको हम यहां पर लिखते हैं॥

प्रत्येक प्रत्याहार का वर्णज्ञान।

१ अण्=अ इ उ। २ अक्=अ इ उ ऋ लृ। ३ अच्=अ इ उ ऋ लृ ए ओ ऐ औ। ४ अट्=अ इ उ ऋ लृ ए ओ ऐ औ ह य व र। ५ अण्=अ इ उ ऋ लृ ए ओ ऐ औ ह य व र ल। ६ अम्=अ इ उ ऋ लृ ए ओ ऐ औ ह य व र ल ञ म ङ ण न। ७ अश्=अ इ उ ऋ लृ ए ओ ऐ औ ह य व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द। ८ अल्=अ इ उ ऋ लृ ए ओ ऐ औ ह य व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स ह। ९ इक्=इ उ ऋ लृ। १० इच्=इ उ ऋ लृ ए ओ ऐ औ। ११ इण्=इ उ ऋ लृ ए ओ ऐ औ ह य व र ल। १२ उक्=उ ऋ लृ। १३ एङ्=ए ओ। १४ एच्=ए ओ ऐ औ। १५ ऐच्=ऐ औ। १६ हश्=ह य व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द। १७ हल्=ह य व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स ह। १८ यण्=य व र ल। १९ यम्=य व र ल ञ म ङ ण न। [२०] यञ्=य व र ल ञ म ङ ण न झ भ। २१ यय्=य व र ल

ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प। २२ यर्=य व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स। २३ वश्=व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द। २४ वल्=व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स ह। २५ रल्=र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स ह। २६ मय्=म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प। २७ ङम्=ङ ण न। २८ झष्=झ भ घ ढ ध। २९ झश्=झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द। ३० झय्=झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प। ३१ झर्=झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स। ३२ झल्=झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स ह। ३३ भष्=भ घ ढ ध। ३४ जश्=ज ब ग ड द। ३५ बश्= ब ग ड द। ३६ खय्=ख फ छ ठ थ च ट त क प। ३७ खर्=ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स। ३८ छव्=छ ठ थ च ट त। ३९ चय्=च ट त क प। ४० चर्=च ट त क प श ष स। ४१ शर्=श ष स। ४२ शल्=श ष स ह॥

ये दो प्रत्याहार भी प्रयुक्त हुए हैं। ४३ ञम्=ञ म ङ ण न। ४४ भष्=भ घ ढ ध ज ब ग ड द॥

धातुसूत्रगणोणादिवाक्यलिङ्गानुशासनम् ।
आगमाः प्रत्ययादेशाः उपदेशाः प्रकीर्तिताः ॥

भू आदि धातु अइउणादि १४ सूत्र, गण, उणादि, वाक्य, लिंग, अनुशासन, आगम, तिप् आदि प्रत्यय और आदेश को उपदेश कहते हैं ॥

उपदेशेऽजनुनासिक इत् १।३।२॥

उपदेशेऽनुनासिकोऽच् "इत्" संज्ञको भवति।

उपदेश में जो अनुनासिक अच् (नासिका से बोलाजाने वाला स्वर) हो वह इत्संज्ञक होता है। यथा—२८ वें प्रक्रम में के प्रत्ययों में से "सु" प्रत्यय का उकार इत् संज्ञक है ॥

हलन्त्यम् ।१।३।३॥

उपदेशेऽन्त्यं हल् इत्संज्ञको भवति ॥

उपदेश में अन्तिम हल् इत् संज्ञक होता है। यथा—२२ वें प्रक्रम में कहे "मिप्, सिप्" प्रत्ययों के पकार की इत् संज्ञा होती है। अइउण् आदि सूत्रों में ण् क् ङ् च् आदि इत्संज्ञक हैं ॥

आदिर्ञिटुडवः १।३।५॥

धातोराद्याःञिटुडवः इतोभवन्ति।

धातु के आदि में ञि, टु, डु इत्संज्ञक होते हैं। यथा—"डुपचष् पाके" इस धातु में "डु" की इत् संज्ञा है ॥

षः प्रत्ययस्य १ । ३ । ६ ॥

प्रत्ययस्यादिः " ष " इत्संज्ञको भवति ॥

प्रत्यय के आदि का मूर्धन्य षकार इत्संज्ञक होता है ॥

चुटू १ । ३ । ७ ॥

प्रत्ययाद्यौ चवर्गटवर्गौ इतौ भवतः ॥

प्रत्यय के आदि का चवर्ग टवर्ग इत्संज्ञक होते हैं ॥

यथा—२८ वें प्रक्रम में कहे " जस् " प्रत्यय के जकार की इत्संज्ञा है ।

लशक्वतद्धिते १ । ३ । ८ ॥

तद्धितवर्जप्रत्ययाद्याः ल श कवर्गा इतोभवन्ति ॥

तद्धित को छोड़ कर प्रत्यय के आदि के ल, श और कवर्ग इत् संज्ञक होते हैं । (तद्धित का वर्णन इस भाग में नहीं किया है, अन्य भागों में किया जायगा)

यथा-२८ वें प्रक्रम के "ङे, ङसि, ङस्" प्रत्ययों के ङकार की इत् संज्ञा है ॥

तस्य लोपः १ । ३ । ९ ॥

यस्येत्संज्ञा विहिता तस्य लोपो भवति ॥

उपरोक्त सूत्रों से जिस अक्षर की "इत्" संज्ञा की गई है उस अक्षर का लोप हो जाता है ॥

यथा-" ङे " प्रत्यय के ङकार की इत्संज्ञा " लशक्वतद्धिते " सूत्र से होकर इस " तस्य लोपः " सूत्र से ङकार का लोप होजाता है तब केवल " ए " रह जाता है ॥

अदर्शनं लोपः १। १। ६०॥

समुपस्थितस्यादर्शनं लोपसंज्ञकं भवति ॥

जो विद्यमान (मौजूद) हो उसके छिपजाने वा न दिखाई देने को लोप कहते हैं ॥

न विभक्तौ तुस्माः १। ३। ४॥

विभक्तिस्था तवर्गसकारमकारा इतो न भवन्ति।

विभक्ति सम्बन्धी तवर्ग, सकार, मकार इत्-संज्ञक नहीं होते ॥

इकोगुणवृद्धी १। १। ३॥

गुणवृद्धिशब्दाभ्यां यत्र गुणवृद्धी विधीयेते (क्रियेते) तत्र इक इति षष्ठ्यन्तं पदमुपतिष्ठते अथवा गुणवृद्धी इकेवस्थाने भवेताम् ॥

जहां गुण वा वृद्धि शब्द के द्वारा गुण वा वृद्धि का विधान किया जाय वहां "इक्" यह षष्ठ्यन्त्य पद उपस्थित होता है अथवा गुण वा वृद्धि इक् के ही स्थान में होते हैं ॥

सुडनपुंसकस्य १। १। ४३॥

सु औ जस् अम् औट् इमे प्रत्ययानि सर्वनामस्थानसंज्ञकानि भवन्ति नपुंसकलिङ्गंवर्जयित्वा।

सु, औ, जस्, अम्, औट् इन पांच प्रत्ययों की सर्वनामस्थान संज्ञा है। यह सर्वनामस्थान संज्ञा नपुंसक लिङ्ग को छोड़ के अन्य लिंगों में होती है।

आद्यन्तौ टकितौ १।१।४६॥

टित्कितौ यस्योक्तौ तस्य क्रमादाद्यन्तावयवौ भवेताम्॥

जिस आगम सम्बन्धी प्रत्यय का टकार अथवा ककार इत्संज्ञक है उसका आगम क्रम से आदि और अन्त में हो अर्थात् टित् का आगम आदि में और कित् का अन्त में हो।

स्थानेऽन्तरतमः १।१।५०॥

प्रसंगेसति सदृशतम आदेशो भवति॥

जहां किसी आदेश की प्राप्ति हो तो उस में जो बाह्याभ्यन्तरप्रयत्नादि के सम्बन्ध से अत्यन्त सदृश हो वही आदेश होता है॥

अलोऽन्त्यस्य १।१।५२॥

षष्ठीनिर्दिष्टान्तस्याल आदेशोभवति।

षष्ठी के द्वारा निर्देश किया हुआ आदेश अन्तिमाक्षर के ही स्थान में होता है॥

आदेः परस्य १।१।५४॥

परस्य यत्कार्यं विहितं तत् तस्यादेर्ज्ञेयम्।

पर को जो कार्य का विधान किया जाय, वह उस के आदि में जानना चाहिए॥

तस्मिन्निति निर्दिष्टे पूर्वस्य १।१।६६॥

सप्तमीनिर्देशेन क्रियमाणं कार्यमक्षरान्तरेण रहितस्य पूर्वस्य बोध्यम्॥

सप्तमी के द्वारा जो किया जाने योग्य कार्य हो वह वर्णान्तर से रहित पूर्व को हो॥

प्रत्ययस्य लुक्श्लुलुपः १।१।६१॥

प्रत्ययस्यादर्शनस्यलुक्,श्लुलुपइत्येताःसंज्ञा भवंति

प्रत्यय के लोप की लुक्, श्लु और लुप्, ये तीन संज्ञाएं होती हैं॥

अचोऽन्त्यादि टि १।१।६४॥

अचां मध्ये योऽन्त्यः स आदिर्यस्य तत् टिसंज्ञकं भवति।

अच् प्रत्याहार के वर्णों में से जो अन्तिम अच् है वह जिस की आदि में हो उस के साथ उस अन्त्य अक्षर की "टि" संज्ञा होती है॥

तस्मादित्युत्तरस्य १।१।६७॥

पञ्चमीनिर्देशेन विधीयमानं कार्यमक्षरान्तरेण रहितस्य परस्य ज्ञेयम्॥

पञ्चमी के द्वारा निर्दिष्ट जो कार्य हो वह वर्णान्तर से रहित पर के लिये जानना चाहिये॥

तपरस्तत्कालस्य १।१।७०॥

तपरो यस्मात् स च तात्परश्च समकालस्यैव संज्ञको भवति ॥

जिस से तकार परे हो अथवा जो तकार से परे हो वह अपने ही काल का ग्राहक होता है ॥

उच्चैरुदात्तः १।२।२९ ॥

उच्चैरुपलभ्यमानो योऽच् स उदात्तसंज्ञकः भवति

जो स्वर ऊंची आवाज़ से बोला जाय उसे 'उदात्त' कहते हैं ॥

नीचैरनुदात्तः १।२।३० ॥

नीचैरुपलभ्यमानो योऽच् स अनुदात्तसंज्ञको भवति

जो स्वर नीची आवाज़ से बोला जाय उस को 'अनुदात्त' कहते हैं ॥

समाहारः स्वरितः १।२।३१ ॥

उदात्तानुदात्तत्वे वर्णधर्मौ यस्मिन्समाह्रियेते स अनुदात्तसंज्ञको भवति

जो मध्यम स्वर से बोला जाय अर्थात् जिस में उदात्त अनुदात्त इन दोनों के वर्णधर्म का समावेश हो उस को स्वरित कहते हैं।

तस्यादित उदात्तमर्धह्रस्वम् १।२।३२ ॥

तस्य स्वरितस्यादावर्धह्रस्वमुदात्तं भवति परिशिष्टं त्वनुदात्तम् ॥

उस स्वरित के ह्रस्व रूप का पूर्वार्ध उदात्त माना जाता है, शेष भाग को अनुदात्त मानते हैं ॥

विप्रतिषेधे परं कार्यम् १ । ४ । २ ॥

तुल्यबलविरोधे परं कार्यं करणीयम् ॥

विप्रतिषेध अर्थात् तुल्यबलविरोध में पर को कार्य करणीय है ॥

धात्वादेः षः सः ६ । १ । ६४ ॥

धातोरादेः षस्य सादेशो भवति ॥

धातु के आदि में मूर्धन्य षकार हो तो उस के स्थान में दन्त्य सकार हो जाता है यथा षह् धातु जो 'सहने' के अर्थ में है उस के स्थान में सह् हो जाता है ॥

णो नः ६ । १ । ६५ ॥

धातोरादेः णो नः भवति ॥

यदि धातु के आदि में णकार हो तो उस के स्थान में नकार हो जाता है । यथा—णी धातु जो 'ले जाने' के अर्थ में है उस के स्थान में 'नी' हो जाता है ॥

पूर्वत्रासिद्धम् ८ । २ । १ ॥

सपादसप्ताध्यायीं प्रति त्रिपाद्यसिद्धा त्रिपाद्यामपि पूर्वं प्रति परं शास्त्रमसिद्धं ज्ञेयम् ॥

पाणिनि मुनि कृत व्याकरण में ८ अध्याय हैं अतः उस का नाम अष्टाध्यायी है । प्रत्येक अध्याय

में ४ पाद हैं। यह सूत्र ८ अध्याय २ पाद का पहिला ही सूत्र है, इस का अधिकार यहां से ग्रन्थ समाप्ति पर्यन्त जानना चाहिये। तिस में पूर्व के ७॥। अध्याय के समक्ष आगे के तीन पाद और इन तीन पादों में भी पूर्व के प्रति पर को कार्य असिद्ध समझा जावे॥

॥ इति ॥

ओ३म्

अथ संस्कृतशिक्षकः।

स्वर

अ आ इ ई उ ऊ ऋ
ॠ ऌ ए ऐ ओ औ ॥

व्यञ्जन

कवर्ग–क ख ग घ ङ
चवर्ग–च छ ज झ ञ
टवर्ग–ट ठ ड ढ ण
तवर्ग–त थ द ध न
पवर्ग–प फ ब भ म
अन्तस्थ–य र ल व
ऊष्म–श ष स ह
अनुस्वार=ं, ँ विसर्ग=ः, ᳵ।

१–विना किसी अन्य वर्ण की सहायता से ही जो अक्षर बोले जा सकते हैं उन को स्वर कहते हैं। यथा–अ, इ, ए इत्यादि ॥

१–स्वयं राजन्त इति स्वराः ॥

सूचना—स्वरों के निम्न लिखित ४ विभाग हो सकते हैं। इन को पाठकों को विशेषतः स्मरण रखना उचित है:—

मूलस्वर—अ इ उ

दीर्घस्वर-आ ई ऊ

संयुक्त स्वर—ए=अ+इ, अ+ई, आ+इ, आ+ई
ऐ=अ+ए, आ+ए, अ+ऐ, आ+ऐ
ओ=अ+उ, अ+ऊ, आ+उ, आ+ऊ
औ=अ+ओ, आ+ओ, अ+औ, आ+औ

पारिभाषिक स्वर—ऋ, लृ

पारिभाषिक दीर्घस्वर—ॠ

२—जिन अक्षरों के उच्चारण में स्वरों की सहायता पूर्णतः आवश्यक होती है उनको व्यञ्जन कहते हैं। यथा—क्, प्, च्, ट्, इत्यादि॥

३—मुख के जिस अवयव से जिस अक्षर का उच्चारण होता है वह उस अक्षर का स्थान कहलाता है वह इस प्रकार है। अ, आ, कवर्ग, हकार और अनुस्वार तथा विसर्ग का कण्ठ। इ, ई, चवर्ग य और श का तालु। ऋ ॠ टवर्ग र और ष का मूर्धा। लृ

२—स्वराधीनन्तु व्यञ्जनम्। अन्वक् भवति व्यञ्जनम्॥

३—अकुहविसर्जनीयानां कण्ठः, कण्ठनासिक्यमनुस्वारमेके। इचुयशानां तालुः। ऋटुरषाणां मूर्धा। लृतुलसानां दन्ताः। उपूपध्मानीयानामोष्ठौ। वकारस्य दन्तोष्ठम्।

तवर्ग, ल और स का दन्त। उ, ऊ और पवर्ग का ओष्ठ। व का दन्त और ओष्ठ। ए, ऐ इन दो अक्षरों का कण्ठ और तालु। ओ, औ इन दो अक्षरों का कण्ठ और ओष्ठ। अनुस्वार और वर्गों के पञ्चमाक्षरों का नासिका स्थान भी है, वर्गों के पहिले तीसरे पांचवें और अन्तस्थ अक्षर अल्पप्राण कहाते हैं। शेष व्यञ्जनों को महाप्राण कहते हैं। तथा वर्गों के प्रथम व द्वितीय अक्षर, श ष स और विसर्ग को अघोष कहते हैं, अन्य सब घोष हैं॥

४—अनुस्वार=ँ स्वर के ऊपर और विसर्ग=: स्वर के आगे लिखने की शैली प्रचलित है और इन का किसी अन्य स्वर के साथ योग हुवे विना उच्चारण न हो सकने के कारण इन की अयोगवाह संज्ञा है॥

५—अ, ए, ओ इन तीनों अक्षरों की गुण संज्ञा है। आ, ऐ, औ, इन तीनों की वृद्धि संज्ञा है॥

एदैतोः कण्ठतालु। ओदौतोः कण्ठोष्ठम्। नासिकानुस्वारस्य। ञमङणनानां नासिका च। वर्गाणां प्रथमतृतीयपञ्चमाः यणश्चाल्पप्राणाः। इतरे महाप्राणाः। वर्गाणां प्रथमद्वितीयाः शषसविसर्जनीयाः अघोषा इतरेघोषवन्तः॥

४—अनुस्वारविसर्गौ इत्यचः परौ अयोगवाहसंज्ञकौ भवतः॥

५—अदेङ् गुणः १। १। २ अ, ए, ओ इत्यक्षराणि गुणसंज्ञकानि भवन्ति॥ वृद्धिरादैच् १। १। १। आ, ऐ, औ इत्यक्षराणि वृद्धिसंज्ञकानि भवन्ति॥

६–स्वरोंके मुख्य तीन भेद हैं, ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत। जिस के उच्चारण में एक मात्रा काल लगे उसे ह्रस्व, जिस के उच्चारण में दो मात्रा काल लगे उस को दीर्घ, और जिस के उच्चारण में तीन मात्रा काल लगे उस को प्लुत कहते हैं। व्यञ्जन अर्धमात्रिक माने जाते हैं ॥

यथा ए ३ " राम " शब्द के अन्तर्गत मकार में जो अकार है वह ह्रस्व है, और "रा" के अन्तर्गत जो " आ " है वह दीर्घ स्वर है, और जो राम को पुकारने या चिताने को "ए" का प्रयोग किया गया है वह प्लुत है। प्लुत अक्षर के आगे तीन का अंक लिखने की शैली प्रचलित है ॥

७—ह्रस्व को लघु, दीर्घ को गुरु तथा जिस ह्रस्व के परे संयोग (संयुक्ताक्षर) हो उस को भी गुरु कहते हैं ॥

६–एकमात्रो भवेद्ध्रस्वो द्विमात्रो दीर्घ उच्यते।
त्रिमात्रस्तु प्लुतो ज्ञेयो व्यञ्जनं चार्धमात्रकम् ॥

७–ह्रस्वं लघु १।४।१० ह्रस्वमक्षरं लघुसंज्ञकं भवति। संयोगे गुरु १।४।११ संयोगे परे ह्रस्वमक्षरं गुरुसंज्ञकं भवति। दीर्घञ्च १।४।१२ दीर्घमक्षरं गुरुसंज्ञकं भवति ॥

८—जिन व्यञ्जनों के अन्तर्गत स्वरों का व्यवधान न हो उन की संयोग (संयुक्ताक्षर) संज्ञा है यथा—क्+व=क्व। ख्+य=ख्य। क्+ष=(क्ष) क्ष, क्ष। त+र=त्र, त्र। ज्+ञ=(ज्ञ) ज्ञ इत्यादि॥

९—वर्णों की अतिशय सन्निधि को संहिता अथवा सन्धि कहते हैं। यह एक पद में, धातु और उपसर्ग के योग में और समास में सर्वदा करनी पड़ती है। वाक्य में तो सन्धि करना न करना प्रयोक्ता की इच्छा पर निर्भर है; चाहे वह करे वा न करे॥

१०—जिन २ अक्षरों का मौखिक स्थान और प्रयत्न समान हो वे २ अक्षर सवर्णसंज्ञक कहलाते हैं॥

११—नाममात्र को अर्थात् जो वस्तुतः कुछ अस्तित्व रखती हो उसे संज्ञा कहते हैं। इस का सम्बन्ध लिंग, वचन और कारक से होता है॥

८—हलोऽनन्तराः संयोगः १।१।७ अज्भिरव्यवहिता हलः संयोगसंज्ञकाः भवन्ति॥

९—परः सन्निकर्षः संहिता १।४।१०९ वर्णानामतिशयितः सन्निधिः संहितासंज्ञः भवति॥

नित्या संहितैकपदे नित्याधातूपसर्गयोः।
नित्या समासे वाक्ये तु सा विवक्षामपेक्षते॥

१०—तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम् १।१।९ ताल्वादिस्थानमाभ्यन्तरप्रयत्नश्चैतद्द्वयं यस्य येन तुल्यं तौ मिथः सवर्णसंज्ञकौ भवतः। ऋलृवर्णयोर्मिथः सावर्ण्यं वाच्यम्॥

११—सत्वप्रधानानि नामानि (निरुक्ते)॥

१२—लिङ्ग तीन हैं पुल्लिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग और नपुंसक लिंग । सामान्यतः पुरुष के लिये पुल्लिंग, स्त्री के लिये स्त्रीलिंग और दोनों से विलक्षण वस्तु के लिये नपुंसक लिंग का प्रयोग होता है । यहां यह भी ध्यान रहे कि संस्कृतभाषा में प्रायः सब शब्द नियत-लिंग हैं जिनका विशेष परिचय लिंगानुशासन से होगा, जो इस ग्रन्थ में उचित स्थल पर दर्शाया जायगा; और यह लिंग केवल संज्ञा में ही होते हैं, क्रिया में नहीं होते । परन्तु हिन्दी भाषा में क्रिया और संज्ञा इन दोनों में लिंगों का प्रयोग होता है ॥

१३—वचन भी तीन हैं । एकवचन, द्विवचन और बहुवचन । जिस से एक व्यक्ति या पदार्थ का बोध हो उस को एकवचन कहते हैं । जिस से दो का बोध हो वह द्विवचन है और जिस से दो से अधिक तीन चार पांच आदि का बोध हो वह बहुवचन कहलाता है । इन वचनों का प्रयोग संज्ञा और क्रिया इन दोनों में होता है और कतिपय शब्द नियत-वचन हैं ॥

१२—स्तनकेशवती स्त्री स्याल्लोमशः पुरुषः स्मृतः ।
उभयोरन्तरं यच्च तदभावे नपुंसकम् ॥

१३—द्व्येकयोर्द्विवचनैकवचने १ । ४ । २२ द्वित्वविवक्षायां द्विवचनं एकत्वविवक्षायां एकवचनं भवति । बहुषु बहुवचनम् १ । ४ । २१ बहुत्वविवक्षायां बहुवचनं भवति ॥

१४—किसी प्रकार की चेष्टा या इच्छा किंवा व्यापार को अथवा धातुओं के अर्थ को "क्रिया" कहते हैं। यह तीनों लिंगों में समान रूप से प्रयुक्त होती है तथा इस का सम्बन्ध काल और पुरुष से भी होता है। लिंग इस में नहीं होते॥

१५ केवल क्रिया में ही तीन पुरुष होते हैं (१) प्रथम वा अन्य पुरुष (२) मध्यम पुरुष और (३) उत्तम पुरुष। जहां "तुम वा आप" शब्द का प्रयोग गुप्त अथवा प्रकट रीति से करना उद्दिष्ट हो वह मध्यम पुरुष कहलाता है। जिस क्रिया के द्वारा 'मैं वा हम' शब्द का प्रयोग इष्ट हो वह उत्तम पुरुष कहाता है अन्यत्र अर्थात् जिस के विषय में बात हो वह प्रथम वा अन्यपुरुष कहलाता है॥

१४—का पुनः क्रिया? ईहा! का पुनरीहा? चेष्टा! का पुनश्चेष्टा? व्यापारः। सर्वथा भवाञ्छब्दैरेव शब्दान् व्याचष्टे न किञ्चिदर्थजातं निदर्शयत्येवं जातीयका क्रियेति। क्रिया नामेयमत्यन्ताऽपरिदृष्टा, अशक्या पिण्डीभूता निदर्शयितुम्। यथा गर्भो निर्लुठितः। साऽसावनुमानगम्या। कोऽसावनुमानः। इह सर्वेषु साधनेषु सन्निहितेषु यदा पचतीत्येतद्भवति सा नूनं क्रिया। अथवा यया देवदत्त इह भूत्वा पाटलिपुत्रे भवति सा नूनं क्रिया। महाभाष्य १।३।१।१ धातोरर्थः क्रियेति रूपमालायाम्॥

१५—युष्मद्युपपदे समानाधिकरणे स्थानिन्यपि मध्यमः १।४।१०५ तिङ्वाच्यकारकवाचिनि युष्मदि प्रयुज्यमाने-

१६—क्रियावाची "भू" आदि शब्दों की धातु संज्ञा है। वे दश गणों में विभक्त हैं। उन गणों के नाम क्रमशः यह हैं:—१ भ्वादि २-अदादि ३—जुहोत्यादि ४-दिवादि ५-स्वादि ६—तुदादि ७—रुधादि ८—तनादि ९-क्र्यादि १०—चुरादि॥

१७—संज्ञा धातु आदि के निमित्त जिनका विधान किया जाता है उनको प्रत्यय कहते हैं। जब किसी शब्द के आगे व्याकरणशास्त्र के नियमानुसार किसी प्रत्यय का विधान किया जाय तो उस प्रत्यय के परे होते हुए उस शब्द की 'अङ्ग' संज्ञा होती है। जैसे "राम" शब्द के आगे "भिस्" प्रत्यय का विधान शास्त्र द्वारा करें तो "भिस्" प्रत्यय के परे रहते "राम" शब्द की "अंग" संज्ञा होगी।

ऽप्रयुज्यमाने च मध्यमपुरुषो भवति॥ शेषे प्रथमः १।४।१०८ मध्यमोत्तमयोरविषये प्रथमपुरुषो भवति॥ अस्मद्युत्तमः १।४।१०७ अस्मद्युपपदे समानाभिधेये प्रयुज्यमानेऽप्रयुज्यमानेऽप्युत्तमपुरुषो भवति॥

१६-भूवादयो धातवः १।३।१ क्रियावाचिनो भ्वादयो धातुसंज्ञकाः भवन्ति।

भ्वाद्यदादिर्जुहोत्यादिर्दिवादिस्स्वादिरेव च॥
तुदादिश्च रुधादिश्च तनक्र्यादिचुरादयः॥

१७—प्रतीयते विधीयत इति प्रत्ययम्॥ यस्मात्प्रत्ययविधिस्तदादि प्रत्ययेऽङ्गम् १।४।१३ यः प्रत्ययो यस्मात्क्रियते तदादि शब्दस्वरूपं तस्मिन्प्रत्ययेपरे अङ्गसंज्ञकं भवति

१८—जो संज्ञा विषयक प्रत्यय (सुप्) और क्रिया विषयक प्रत्यय (तिङ्) से युक्त हों उन शब्दों की " पद " संज्ञा है। बिना " पद " बनाये वाक्यादि में उनका प्रयोग नहीं किया जा सकता।

१९—शब्द के अन्तिम अक्षर से पहिले वर्ण की " उपधा " संज्ञा है। जहां किसी अक्षर के स्थान में कोई " आदेश " किया जाता है वह उस अक्षर के स्थान में ही होता है। अर्थात् आदेश का विधान जिस अक्षर के स्थान में होता है उस अक्षर का लोप हो जाता है। " आगम " के विधान में उस अक्षर का लोप नहीं होता॥

क्रिया।

२०--क्रिया सम्बन्धी धातुओं एवम् प्रत्ययों के दो विभाग हो जाते हैं। १--परस्मैपदी और २--

---

१८—सुप्तिङन्तं पदम् १।४।१४ सुबन्तं तिङन्तं च पदसंज्ञक भवति। अपदं न प्रयुञ्जीत।

१९—अलोऽन्त्यात्पूर्व उपधा १।१।६५ अन्त्यादलः यः पूर्वो वर्णः स उपधा संज्ञकः भवति। प्रकृतिप्रत्ययोपघातपूर्वकं यस्यादेशोभवति स आदेशः। यत् प्रकृतिप्रत्ययानुपघातेन आगच्छति स आगमः।

२०—स्वरितञितः कर्त्रभिप्राये क्रियाफले १।३।७२॥ स्वरितेतोञितश्च धातोरात्मनेपदं स्यात् कर्तृगामिनि

आत्मनेपदी। परन्तु कोई उभयपदी भी हैं। इन का प्रयोग कहां किस प्रकार होता है इस के विशेष नियमों का वर्णन तो अन्यत्र करेंगे, तथापि नवीन विद्यार्थियों के समझने के लिये यहां इतना लिख देना आवश्यक समझते हैं कि जहां क्रिया का फल अपने में अर्थात् कर्त्ता में जावे वहां आत्मनेपद होता है, अन्यत्र परस्मैपद जानना चाहिये। जिस पदके धातु हों तदनुसार ही धातुओं में प्रत्यय युक्त होते हैं। यह सामान्य नियम है॥

२१--परस्मैपदी और आत्मनेपदी संज्ञक प्रत्यय निम्नलिखित हैं :—

परस्मैपदी प्रत्यय।

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमपुरुष	ति	तस्	अन्ति

क्रियाफले॥ शेषात् कर्त्तरि परस्मैपदम् १।३।७८॥ आत्मनेपदहीनाद्धातोः कर्त्तरि परस्मैपदं भवति॥

२१—तिप्तस्झिसिप्थस्थमिब्वस्मस्तातांझथासाथांध्वमिड्वहिमहिङ् ३।४।७८॥

इमेऽष्टादश लादेशाः भवन्ति। लः परस्मैपदम् १।४।९९॥ लादेशाः परस्मैपदसंज्ञकाः भवन्ति। तङानावात्मनेपदम् १।४।१००॥ तङ् प्रत्याहारः शानच् कानचौ आत्मनेपदसंज्ञकाः भवन्ति। टित आत्मनेपदानां टेरे ३।४।७९॥ टितो लस्यात्मनेपदानां टेरेत्वं भवति। थासः से ३।४।८०॥ टितो लस्य थासः से भवति। आतो ङितः ७।२।८१॥ आतः परस्य ङितमाकारस्य "इय्" भवति॥

मध्यमपुरुष	सि	थस्	थ
उत्तमपुरुष	मि	वस्	मस्

आत्मनेपदी प्रत्यय ।

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमपुरुष	ते (त)	आते (थाः)	अन्ते (झ)
मध्यमपुरुष	से (आताम्)	आथे (आथाम्)	ध्वे (वहि)
अन्यपुरुष	ए (अन्त)	वहे (ध्वम्)	महे (महि)

सूचना- आत्मनेपद सम्बन्धी प्रत्ययों के जो रूप कोष्ठान्तर में स्थित हैं, वे सूत्रानुसार प्रत्ययों के असली रूप हैं । इन रूपों का प्रयोग लङ्, लिङ्, लुङ् और लृङ् इन ही लकारों में होता है, अन्यत्र जो रूप कोष्ठ के बाहर हैं उनका प्रयोग होता है लङ् आदि के अर्थ की जहां आवश्यकता होगी वहीं इनका अर्थ लिखा जायगा । यहां इनके अर्थ की कोई आवश्यकता नहीं ॥

भ्वादिगणीय परस्मैपदी धातु

भू=होना	वद=कहना	स्मृ=याद करना
पच्=पकाना	दह=जलना	जि=जीतना
अर्च=पूजना	द्रु=गीला होना	नी=लेजाना
क्षि=नष्ट होना	चर=खाना, चरना	

२२-धातुओं और २१ वें प्रकरण में कहे प्रत्ययों के बीच में शब्दसाधनार्थ कुछ और प्रत्यय लाने पड़ते हैं। उन प्रत्ययों को 'विकरण' कहते हैं। सो इस प्रकार है। भ्वादिगण का विकरण "अ" है। अदादि एवं जुहोत्यादिगण विकरण रहित हैं परन्तु जुहोत्यादिगण में धातु को द्वित्व हो जाता है। इसी ही प्रकार दिवादिगण में "य" स्वादि में "नु" तुदादि में 'अ' रुधादि में 'न' तनादि में 'उ' क्र्यादि में 'ना' और चुरादिगण में "अय" विकरण लाना पड़ता है। यहां यह भी ध्यान रहे कि यह विकरण केवल वर्तमान काल (लट्) विध्याद्यर्थकरूप (लोट्, लिङ्) और अनद्यतन भूतकाल (लङ्) में ही लाये जाते हैं अन्यत्र उक्त विकरणों का प्रयोग नहीं करना पड़ता॥

धातूनां संस्कृतपाठः—भू सत्तायाम्। डुपचष् पाके। अर्च पूजायाम्। वद व्यक्तायां वाचि। दह भस्मीकरणे। द्रु गती द्रवणे च। स्मृ आध्याने। जि जये। णीञ् प्रापणे। क्षि क्षये। चर भक्षणे॥

२२-कर्त्तरि शप् ३। १। ६८ कर्त्रर्थे सार्वधातुके परे धातोः शप् विकरणो भवति। अदिप्रभृतिभ्यः शपः २। ४। ७२ लुक् भवति। दिवादिभ्यः श्यन् ३। १। ६९ दिव् इत्येवमादिभ्यो धातुभ्यः श्यन् विकरणो भवति। जुहोत्यादिभ्यः श्लुः २। ४। ७५ शपः श्लुः भवति। श्लौ ६। १। १० श्लौ परे धातोर्द्वे भवतः। स्वादिभ्यः श्नुः ३। १। ७३

२३-जिस धातु का अन्तिम स्वर एवम् उपधा में ह्रस्व अथवा दीर्घ इ, उ, ऋ में से कोई अक्षर हो तो उस के स्थान में क्रमशः गुण हो जाता है। अर्थात् 'इ, ई' के स्थान में "ए" एवम् "उ, ऊ" के स्थान में "ओ" हो जाता है। इसी ही प्रकार 'ऋ' के स्थान में 'अर्' होता है, परन्तु उपधा में ह्रस्व स्वर के होने पर ही गुण होगा॥

यथा-जि+अ (२२)+ति=जे (२३)+अ+ति। नी+अ (२२)+तः=ने (२३)+अ+तः। द्रु+अ (२२)

"षुञ्" इत्येवमादिभ्यो धातुभ्यः "श्नुः" भवति॥ तुदादिभ्यः शः ३।१।७७ "तुद" इत्येवमादिभ्यो धातुभ्यः शः भवति॥ रुधादिभ्यः श्नम् ३।१।७८ "रुधिर्" इत्येवमादिभ्यो धातुभ्यः "श्नम्" भवति॥ तनादिकृञ्भ्य उः ३।१।७९ "तनु" इत्येवमादिभ्यो धातुभ्यः कृञश्च उ प्रत्ययः स्यात॥ क्र्यादिभ्यः श्ना ३।१।८१ डुक्रीञ् इत्येवमादिभ्यो धातुभ्यः श्ना प्रत्ययो भवति॥ सत्यापपाशरूपवीणातूलश्लोकसेनालोमत्वचवर्मवर्णचूर्णचुरादिभ्योणिच३।१। २५ सत्यादिभ्यो णिच् भवति॥ सनाद्यन्ता धातवः ३।१।३२ सन् क्यच् काम्यच् क्यङ् क्यष् क्विप् णिच् यङ् यक् आय् ईयङ् णिङ् एते सनादयः। सनादयो प्रत्यया अन्ते येषान्ते प्रत्ययसहितधातुसंज्ञकाः भवन्ति। पुगन्तलघूपधस्य च। कर्तरि शप्॥

२३-सार्वधातुकार्द्धधातुकयोः ७।३।८४ सार्वधातुके आर्धधातुके च प्रत्यये परे इगन्तस्याङ्गस्य गुणो भवति॥ पुगन्तलघूपधस्य च ७।३।८६ पुगन्तस्य लघूपधस्य चाङ्गस्येको गुणः स्यात् सार्वधातुकार्धधातुकयोः॥

+अन्ति=द्रो (२३)+अ+अन्ति । भू+अ (२२)+सि=भो (२३)+अ+सि । स्मृ+अ (२२)+थस्=स्मर् (२३)+अ+थस् ॥ इत्यादि ॥

२४-पदान्त " स् " के आगे कोई अक्षर न हो तो उस के स्थान में " र् " हो जाता है फिर उस " र् " का विसर्ग बन जाता है ॥

यथा-वद्+अ (२२)+तस्=वद्+अ (२२)+तः (२४)=वदतः । स्मृ+अ (२२)+थस्=स्मर् (२३)+अ+थः (२४)=स्मरथः ॥

२५-संयुक्त स्वरों के पश्चात् कोई स्वर हो तो संयुक्तस्वरों के स्थान में क्रमशः अय् अव् आय् आव् हो जाता है ॥

यथा-जे+अ+ति=जय्+अ+ति=जयति । भो+अ+सि=भव्+अ+सि=भवसि ॥

२६-अपदान्त अकार से गुण परे हो तो पररूप एकादेश होता है ॥

२४-ससजुषो रुः ८।२।६६ पदान्तस्यसस्य सजुष्-शब्दस्य च रुः स्यात् ॥ खरवसानयोः विसर्जनीयः ८।३।१५ खरि अवसाने च पदान्तस्य रस्य विसर्गः स्यात् ॥

२५-एचोऽयवायावः ६।१।७८ ॥ एचः क्रमात् अय् अव् आय् आव् एते अचि परे भवन्ति ॥

२६-अतो गुणे ६।१।९७ अपदान्तादतोगुणे परतःपररूपमेकादेशः भवति । सामान्यशास्त्रतो नूनं विशेषो बलवान् भवेत् । परेणपूर्वबाधोवा प्रायशोदृश्यतामिदम् । विशेषाविशेषयोः विशेषे कार्यसम्प्रत्ययः । महाभाष्ये ॥

यथा-" दह्+अ+अन्ति " यहां पर " अन्ति " में जो अकार है उस में पहिला (२२ वें प्रक्रम से आया हुआ) अकार मिल जाता है ॥

अभिप्राय यह है कि यहां ३० वें प्रक्रम के नियमानुसार दीर्घ हो जाता, परन्तु यह २६ वां प्रक्रम उस नियम का अपवादरूप है। क्योंकि वह नियम सामान्य (साधारणतया सब ठौर काम में आजाने वाला) है और यह विशेष है । महाभाष्यकार ने कहा है कि सामान्य (सामान्यतया सब ठौर लगने वाले) नियमों से विशेष (मुख्य २ दशाओं में प्रयुक्त होने वाले) नियम बलिष्ठ होते हैं जिन का वर्णन ग्रन्थ में कहीं पर पूर्व और कहीं पर सामान्य नियमों से पश्चात् वर्णन किया हुआ होता है ऐसा ध्यान में रख बुद्धिमान् को सर्वत्र सङ्गति मिलानी चाहिये । अतः यह विशेष नियम होने से यहां पर "दह्+अ+अन्ति=दह्+अन्ति= दहन्ति " ऐसा रूप बना ॥

२७-अन्तस्थ अक्षर वर्गों के पांचवें अक्षर एवं झकार, भकार में से कोई अक्षर जिस सुप् वा तिङ् सम्बन्धी प्रत्यय के आदि में है यदि उस प्रत्यय के पूर्व अकार हो तो उस अकार के स्थान में दीर्घ आकार हो जाता है ॥

२७-अतो दीर्घो यञि ७ । ३ । १०१ अतोऽङ्गस्य दीर्घः स्यात् यञादौ सार्वधातुके परे ॥ सुपि च ७ । ३ । १०२ यञादौ सुपि परे अतोऽङ्गस्य दीर्घो भवति ॥

यथा—वद्+अ+मि=वद्+आ+मि=वदामि। अर्च्+अ+वस्=अर्च्+आ+वः=अर्चावः। पच्+अ+मस्=पच्+आ+मः=पचामः॥

सूचना—हमने जो २ उदाहरण दिये हैं वह सब वर्तमान काल सम्बन्धी क्रिया के ही हैं। विद्यार्थियों के सुभीते के लिये "भू" धातु के रूप साध कर नीचे लिखेंगे। अध्येताओं को उचित है कि उस ही प्रकार उक्त सब नियमों को लक्ष में रख अन्य धातुओं के भी रूपों को सिद्ध एवं कण्ठ करलें जिस से पूर्ण अभ्यास होजावे॥

परस्मैपदी "भू" धातु के रूप

वर्तमानकाल

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमपुरुष	भवति (२१,२२,२३,२५) वह होता है	भवतः (२१,२२,२३,२५,२४) वे २ होते हैं	भवन्ति (२१,२२,२३,२५) वे सब होते हैं
मध्यमपुरुष	भवसि (२१,२२,२३,२५) तुम होते हो,	भवथः (२१,२२,२३,२५,२४) तुम २ होते हो,	भवथ (२१,२२,२३,२५) तुम सब होते हो
उत्तमपुरुष	भवामि (२१,२२,२३,२५,२७) मैं होता हूं,	भवावः (२१,२२,२३,२५,२४,२७) हम २ होते हैं,	भवामः (२१,२२,२३,२४,२५,२७) हम सब होते हैं

* भ्वादिगणीय परस्मैपदी धातुसूची

वस्=रहना	खाद्=खाना
व्रज् वज्=जाना	नट्=नाचना
त्यज्=छोड़ना	गर्ज्=गरजना
तप्=दुखी होना	तर्ज्=धमकाना

भाषानुवाद करो।

पचामि	स्मरन्ति	भवति
तपसि	तर्जति	पचतः
वदति	जयसि	अर्चन्ति
त्यजावः	गर्जामि	वदसि
दहथः	नयतः	द्रवथः
व्रजतः	नटसि	स्मरथः
द्रवामः	क्षयथः	जयामि
वसथः	खादावः	नयावः

संस्कृत बनाओ।

मैं होता हूं	मैं धमकाता हूं
वह पकाता है	हम सब जीतते हैं
तुम कहते हो	हम दो गरजते हैं
हम सब छोड़ते हैं	वह ले जाता है
वे सब जलते हैं	वे सब नाचते हैं

---

* धातुनां संस्कृतपाठः-वस निवासे। वज व्रज गतौ। त्यज हानौ। तप संतापे। खादृ भक्षणे। नट नृतौ। गर्ज शब्दे। तर्ज भर्त्सने॥

तुम सब गीले होते हो	वे दो नष्ट होते हैं
हम दो जाते हैं	तुम खाते हो
तुम दो रहते हो	तुम सब पूजते हो
वे दो याद करते हैं	तुम दो कहते हो

संज्ञा

२८—संज्ञाओं को कारकों में परिणत करने वाले किंवा विभक्तिसूचक "सु" आदि प्रत्यय निम्न-लिखित हैं। इन का प्रयोग धातु और प्रत्ययों को छोड़ कर अर्थवान् शब्दों एवं कृदन्त तद्धित और समास में सर्वदा किया जाता है। इन ही २१ प्रत्ययों को "सुप्" कहते हैं॥

विभक्तिसूचक प्रत्यय

विभक्तयः	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
प्रथमा	स्	औ	अस्
द्वितीया	अम्	औ	अस्

२८—स्वौजसमौट्छष्टाभ्यांभिस्ङेभ्यांभ्यस्ङसिभ्यांभ्यस्ङसोसाम्ङ्योस्सुप् ४। १। २ ङ्यन्तादाबन्तात्प्रातिपदिकाच्च परे स्वादयः प्रत्यया भवन्ति। अर्थवद्धातुरप्रत्ययः प्रातिपदिकम् १। २। ४५ धातुं प्रत्ययं प्रत्ययान्तं च वर्जयित्वा अर्थवत् शब्दरूपं प्रातिपदिकसंज्ञकम् भवति॥ कृत्तद्धितसमासाश्च १। २। ४६ कृत्तद्धितान्तौ समासाश्च प्रातिपदिकसंज्ञकाः भवन्ति॥

तृतीया	आ	भ्याम्	भिस्
चतुर्थी	ए	भ्याम्	भ्यस्
पञ्चमी	अस्	भ्याम्	भ्यस्
षष्ठी	अस्	ओस्	आम्
सप्तमी	इ	ओस्	सु

अकारान्त-पुल्लिङ्ग-शब्दसूची।

अश्व=घोड़ा	छाग=बकरा	युवक=जवान
अगद=दवा	जनक=पिता	वानर=बन्दर
अग्रज=बड़ा भाई	दक्ष=होशियार	वृष=बैल
आम्र=मौलसिर	नर=मनुष्य	मोदक=लड्डू
कटाह=कढ़ाह	नट=नट	वृद्ध=बुड्ढा
बाल=बालक	नृप=राजा	विप्र=ब्राह्मण
मूर्ख=बेवकूफ	पण्डित=विद्वान्	शिष्य=विद्यार्थी
गोप=ग्वाला	पाठ=सबक	सूद=रसोइया
कोश=ख़जाना	भिक्षुक=भिखारी	सिंह=शेर
चन्द्र=चांद	भृत्य=नौकर	सुत=बेटा

२८-ह्रस्व वा दीर्घ अकार से परे कोई संयुक्त स्वर हो तो पूर्व पर के स्थान में तुल्यतम वृद्धि एकादेश होजाता है। अभिप्राय यह है कि यदि अ वा आ से परे ए अथवा ऐ हो तो पूर्वपर के स्थान में "ऐ" इस ही प्रकार "ओ" वा "औ" इन अक्षरों

२९-वृद्धिरेचि ६।१।८८ अवर्णादेचि परे वृद्धिरेकादेशः भवति॥

में से कोई अक्षर परे हो तो पूर्वपर के स्थान में "औ" होजाता है॥

यथा—राम+औ=रामौ॥

३०—संयुक्त स्वरों को छोड़ अन्य स्वरों से यदि सजातीय उन ही स्वरों के ह्रस्व वा दीर्घ रूप परे हों तो पूर्व पर के स्थान में उन स्वरों का ही दीर्घ रूप आदेश होजाता है॥

यथा—नर+अस्=नराः (३०, २४)॥

३१—मूल स्वरों एवं उन के दीर्घ रूपों से "अम्" (एकवचन सम्बन्धी) प्रत्यय परे हो तो उस (अम्) प्रत्यय का अकार पहिले स्वर में मिल जाता है अर्थात् फिर "अम्" प्रत्यय के अकार का उपयोग नहीं होता किन्तु वह लुप्त होजाता है॥

यथा—अश्व+अम्=अश्वम्॥

३२—जब मूल स्वरान्त पुल्लिङ्ग शब्दों से परे द्वितीया की "अस्" विभक्ति हो तो उस अस्

३०—अकः सवर्णे दीर्घः ६।१।१०१ अकः सवर्णेऽचि परे पूर्वपरयोः दीर्घ एकादेशः भवति॥

३१—अमि पूर्वः ६।१।१०७ अकोऽम्यचि पूर्वरूपमेकादेशः भवति॥

३२—प्रथमयोः पूर्वसवर्णः ६।१।१०२ अकः प्रथमाद्वितीययोरचि पूर्वसवर्णदीर्घ एकादेशः भवति॥ तस्माच्छसो नः पुंसि ६।१।१०३ पूर्वसवर्णदीर्घात्परो यश्शसः सः तस्य नः स्यात् पुंसि॥

प्रत्यय के अकार के स्थान में मूलस्वरान्त शब्द के अन्तिम स्वर को ही दीर्घ रूप आदेश होजाता है, फिर इस प्रकार दीर्घ हो जाने पर जो प्रत्यय का " स् " शेष रहता है उस को "न्" होजाता है ॥

यथा—राम+अस्=रामान् । अश्व+अस्=अश्वान् ॥

विभक्तियों का प्रयोग ।

३३—कर्ता उसे कहते हैं जो क्रिया को स्वतन्त्रता से सम्पादन करता है वा प्रेरणा करके दूसरे से करवाता है । ऐसे प्रयोजक कर्ता को हेतु भी कहते हैं ॥

३४—जहां पर शब्द का जो अर्थ है उस ही को दर्शाना हो वा लिङ्गमात्र (केवल पुल्लिङ्ग वा स्त्रीलिङ्ग अथवा नपुंसकलिङ्ग) जतलाना हो वा वचन मात्र (एक, द्वि, बहु) बताना हो अथवा परिमाण ही प्रकट करना हो एवम् कर्ता वा कर्म अभिहित अर्थात् जहां क्रिया का फल कर्ता वा कर्म में ही जावे वहां प्रथमा विभक्ति होती है ॥

३३—स्वतन्त्रः कर्ता १ । ४ । ५४ क्रियायां स्वातन्त्र्येण विवक्षितोऽर्थः कर्तृसंज्ञः भवति ॥ तत्प्रयोजको हेतुश्च १ । ४ । ५५ कर्तुः प्रयोजको हेतुसंज्ञः कर्तृसंज्ञश्च भवति ॥

३४—प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाणवचनमात्रे प्रथमा २ । ३ । ४६ प्रातिपदिकार्थादिमात्रे प्रथमा भवति । अभिहिते कर्तरि च ॥

यथा—अर्थमात्र में "धर्मः"। लिंगमात्र में "नरः" (पु०), धनम् (न०), कन्या (स्त्री०)। वचनमात्र में "अश्वाः सिंहः सुतौ।" परिमाणमात्र में "द्रोणः"। अभिहित कर्त्ता और कर्म में "शिष्यः वदति क्रियते कटः"॥

३५—कर्ता का जो इष्टतम हो अर्थात् जिस को क्रिया के द्वारा सिद्ध करना चाहे वा करे एवम् क्रिया के द्वारा कर्ता का जो अनीप्सित (न चाहा हुवा) हो, इस ही प्रकार जो अकथित (दुह्, याच् आदि धातु जिन में अपादानादि अविवक्षित) हो उस कारक की कर्म संज्ञा है॥

३६—(क) अनुक्त अर्थात् क्रियाफल से रहित कर्मकारक में एवम् काल और मार्गवाची शब्दों के अत्यन्त संयोग में द्वितीया विभक्ति होती है॥

यथा—नरः ब्राह्मणम् अर्चति=मनुष्य ब्राह्मण को पूजता है। यहां ब्राह्मण को पूजना कर्ता का इच्छित

३५—कर्तुरीप्सिततमं कर्म १।४।४९ कर्तुः क्रियया यदिष्टतमं तत् कर्मकारकं संज्ञकं भवति॥तथायुक्तं चानीप्सितम् १।४।५० कर्तुः क्रियया यदनीप्सिततमं तत्कारकमपि कर्मसंज्ञकं भवति॥ अकथितं च १।४।५१ अकथितं च यत्कारकं तत्कर्मसंज्ञं भवति॥

३६—कर्मणि द्वितीया २।३।२ अनुक्ते कर्मणि द्वितीया भवति॥ कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे २।३।५ कालाध्वनोः अत्यन्तसंयोगेऽपि द्वितीया भवति॥

कार्य है। चौरान् पश्यति=चोरों को देखता है। कण्टकान् लंघयति=कांटों को लांघता है। यहां चोरों को देखना कांटों को लांघना कर्ता का इच्छित नहीं, परन्तु संयोगवश देखना और कांटों को लांघना पड़ा, अतः यह कर्ता का अनिच्छित कार्य है। बालकम् पन्थानम् पृच्छति=लड़के से मार्ग पूछता है। शिष्यं धर्ममनुशास्ति=शिष्य को धर्म का उपदेश करता है। यहां बालक शिष्य शब्दों में अन्य कारक अकथित हैं। इस प्रकार इच्छित, अनिच्छित, और अकथित कर्मकारक में परिगणित होकर द्वितीया विभक्ति के ग्राहक हुए हैं। मासमधीतोनुवाकः=एक महीने तक लगातार अनुवाक पढ़ा। क्रोशं कुटिला नदी=१ कोश तक नदी बराबर टेढ़ी है। यहां समय और मार्ग के अत्यन्त संयोग में द्वितीया विभक्ति हुई है॥

(ख) धातु भी तीन प्रकार के होते हैं १-अकर्मक (२) सकर्मक और (३) द्विकर्मक—लज्जा

(ख) लः कर्मणि च भावे चाकर्मकेभ्यः ३।४।६९ लकाराः सकर्मकेभ्यः कर्मणि कर्तरि च स्युरकर्मकेभ्यो भावे कर्तरि च॥
लज्जासत्तास्थितिजागरणं, वृद्धिक्षयभयजीवितमरणम्।
शयनक्रीडारुचिदीप्त्यर्थं, धातुगणन्तम कर्मकमाहुः॥
दुहियाचिरुधिप्रच्छिभिक्षिचिञामुपयोगनिमित्तमपूर्वविधौ।
ब्रुविशासिगुणेन च यत्सचते तदकीर्तितमाचरितं कविना॥
नीवह्योर्हरतेश्चापि गत्यर्थानां तथैव च, द्विकर्मकेषु ग्रहणं द्रष्टव्यमिति निश्चयः। विपरीतन्तु यत्कर्म तत्कलन कवयो विदुः॥

सत्तादि अर्थवाले अकर्मक धातु वह हैं जिन के साथ वाक्य में कर्म का योग नहीं होता । जैसे नृपः जागर्ति=राजा जगता है । यहां जगना रूप क्रिया का कर्मकारक में रूप नहीं होता । सकर्मक धातु वह है, जिन के साथ कर्म का योग होता है । यहां यह भी ध्यान रहे कि देश काल (समय) भाव (आशय वा गुण) एवम् अध्वगन्तव्य (मार्ग-गन्तव्य) के अर्थ में अकर्मक धातु भी सकर्मक हो जाती है । यथा "नृपम् जागरयति=राजा को जगाता है" यहां जगाना सकर्मक हो गया । नी, वहि, हर्, एवम् गत्यर्थक धातुओं का ग्रहण द्विकर्मक में होता है अर्थात् इन धातुओं के योग में दो २ कर्म भी हो जाते हैं । कोई विद्वान् ईप्सिततम से भिन्न जो कर्म है उस की कल्म संज्ञा करते हैं । अर्थात् जिस में कर्म संज्ञा के सब काम नहीं किये जाते, किन्तु द्वितीयामात्र की जाती है; अथवा जिस किसी वाक्य में

लज्जा, सत्ता, स्थिति, जागरण, वृद्धि, क्षय, भय, जीवन, मरण, शयन, क्रीडा, रुचि और दीप्ति इन अर्थों के धातु अकर्मक होते हैं । दुह्, याच्, रुध्, प्रच्छ, भिक्ष, चिञ्, ब्रुव्, शास् इन धातुओं के उपयोग के निमित्त जो अपादानादि कारकों से कुछ न किया गया हो तो उस को " अकथितं च "सूत्र से कर्मसंज्ञा होती है ॥ कालभावाध्वगन्तव्या कर्मसंज्ञाह्यकर्मणाम् । देशश्चाकर्मणां कर्मसंज्ञो भवतीति वक्तव्यम् ॥-

कर्म का कार्य हो उस के अतिरिक्त जो अन्य अप्रधान होता है उस की कल्म संज्ञा है । जैसे भारं वहति ग्रामम्=गांव को बोझा लेजाता है । यहां भार शब्द में तो कर्म पूर्णतया लक्षित है, परन्तु ग्राम में भी द्वितीया हुई, अतः इस की कल्म संज्ञा है ॥

अकारान्त पुल्लिंग नर शब्द

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	नरः २८,२४	नरौ २८,२८	नराः २८,२८,२४
	१ मनुष्य	२ मनुष्य	बहुत से मनुष्य
द्वितीया	नरम् २८,३१	नरौ २८,२८	नरान् २८,२८,३२
	१ मनुष्य को,	२मनुष्योंको,	बहुतसे मनुष्योंको

अकारान्त पुंल्लिङ्ग शब्दसूची।

अनूचान=महाविद्वान्	इतिहास=तवारीख़
अध्यापक=पण्डित	इन्दुर=चूहा
अंश=हिस्सा	उत्ताप=दुःख
आतुर=रोगी	उपद्रव=विघ्न
आम्र=आम	उपकार=भलाई
आतंक=रोग, भय	उपचार=उपाय
आवेदक=सायल, निवेदक	एण=मृग
आकाश=आसमान	कृष्ण=किसी का नाम
कंकाल=अस्थिपञ्जर	खग=पक्षी
कठेर=दरिद्र	गद=विष
कंटक=कांटा	गज=हाथी

अपूप=पूआ
कर=हाथ
कर्ण=कान
काक=कौवा
कूप=कूआ
चौर=चोर
राम=किसी का नाम
शिव=ईश्वर
नद=दरिया

भ्वादिगणीय परस्मैपदी धातुसूची*।

अर्ज,सर्ज=इकट्ठा करना
मूष=चोरना
एज्=कांपना
हल्=जोतना
लज=भूनना
मथ्=मथना
वट=लपेटना
वम=उगलना
चर्व=चबना,
भृ=भरना, रखना
रक्ष=पालना
धृ=धारना
चूष=चूसना
याच्=मांगना
हस=हंसना
खन्=खोदना
ग्लै=ग्लानि करना म्लै=मुरझाना ध्यै=सोचना

उदाहरण।

अश्वः व्रजति=घोड़ा जाता है। बालकौ नयतः=दो लड़के ले जाते हैं। पण्डिताः जयन्ति=

---

* अर्जषर्ज अर्जने। एजृ कम्पने। लसलजि भर्जने। वट वेष्टने। चर्व अदने। रक्ष पालने। मूष स्तेये। मथे विलोडने। टुवम उद्गिरणे। भृञ् भरणे। धृञ् धारणे। टुयाचृ याच्ञायाम्। खनु अवदारणे। ग्लै हर्षक्षये। म्लै म्लाने। ध्यै चिन्तायाम्। चूष पाने। हल विलेखने। हसे हसने॥

पण्डित लोग जीतते हैं। नरः वृषम् नयति=आदमी बैल को लेजाता है। मोदकौ नयामि=मैं दो लड्डुओं को लेजाता हूं। जनकः सुतान् तर्जति=पिता पुत्रों को धमकाता है॥

भाषा बनाओ।

शिष्याः व्रजन्ति। वृषौ चरतः। मूर्खः त्यजति। वृद्धौ वदथः। सुताः वदन्ति। नटाः नटन्ति। सिंहः गर्जति। चौराः कथन्ति। ब्राह्मणः जयति। सुतः भवति। भृत्यः खादति। पाठम् स्मरावः। बालान् तर्जामि। मोदकान् खादामः। कोशम् नयन्ति। सूदः अपूपान् पचति। सूपम् पचामि। नृपः चौरम् तर्जति। वैद्यः अगदम् नयति। शिष्याः वेदम् स्मरन्ति। ब्राह्मणाः शिवम् अर्चन्ति। युवकः नयति भृत्यम्। जनकः सुतान् नयति॥

संस्कृत बनाओ।

भिखारी जाते हैं। मूर्ख दुःखी होते हैं। राम बसता है। दो चोर जाते हैं। बेटा पूओं को खाता है। रसोइया जलता है। नौकर खजाने को लेजाते हैं। घोड़े चरते हैं। बन्दर जाते हैं। शिष्य पाठ को याद करते हैं। मैं आम चूसता हूं। कृष्ण आमों को चूसता है॥

परस्मैपदी धातुसूची*।

दिवादिगणीय धातु	चुरादिगणीय धातु
नश्=नष्ट होना	कथ्=कहना
त्रस्=डरना	रच्=बनाना
अस्=फेंकना	स्पृह्=चाहना
तुष्=प्रसन्न होना	गण्=गिनना
गुप्=घबड़ाना	प्रथ्=प्रख्यात करना
क्रुध्=क्रोध करना	मृग्=ढूंढना
तृप्=तृप्त होना	भूष्=सजाना
द्रुह्=द्रोह करना (मारने की इच्छा)	लक्ष्=देखना, निशाना लगाना

सूचना—हम २२वें प्रक्रम में बतला चुके हैं कि दिवादिगण का विकरण "य" और चुरादिगण का विकरण "अय्" है उक्त विकरणों के योग से उक्त गणों के धातुओं के रूपों को बना लेना विद्यार्थियों को उचित है॥

यथा—नश्+य+ति=नश्यति। कथ्+अय्+ति=कथयति॥

---

*धातुपाठः—णश अदर्शने। त्रसी उद्वेगे। असु क्षेपणे। तुष प्रीतौ। गुप व्याकुलत्वे। क्रुध क्रोधे। तृप प्रीणने। द्रुह जिघांसायाम्॥ कथ वाक्यप्रबन्धने। रच प्रतियत्ने। स्पृह ईप्सायाम्। गण संख्याने। प्रथ प्रख्याने। मृग अन्वेषणे। भूष अलंकरणे। लक्ष आलोचने॥

दिवादिगणीय "तुष्" धातु के रूप।

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमपुरुष	तुष्यति २१, २२ वह प्रसन्न होता है	तुष्यतः २१,२२,२४ वे दो प्रसन्न होते हैं	तुष्यन्ति२१,२२,२४ वे सब प्रसन्न होते हैं
मध्यमपुरुष	तुष्यसि २१,२२ तुम प्रसन्न होते हो	तुष्यथः२१,२२,२४ तुम २ प्रसन्न होते हो	तुष्यथ २१,२२,२४ तुम सब प्रसन्न होते हो
उत्तमपुरुष	तुष्यामि२१,२२,२७ मैं प्रसन्न होता हूं	तुष्यावः२१,२२,२७,२४ हम दो प्रसन्न होते हैं	तुष्यामः२१,२२,२७,२४ हम सब प्रसन्न होते हैं

चुरादिगणीय " रच् " धातु के रूप।

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमपुरुष	रचयति २१, २२ वह बनाता है	रचयतः २१,२२,२४ वे दोनों बनाते हैं	रचयन्ति २१, २२ वे सब बनाते हैं
मध्यमपुरुष	रचयसि २१, २२ तुम बनाते हो	रचयथः २१,२२,२४ तुम २ बनाते हो	रचयथ २१, २२ तुम सब बनाते हो
उत्तमपुरुष	रचयामि२१,२२,२७ मैं बनाता हूं	रचयावः२१,२२,२७,२४ हम २ बनाते हैं	रचयामः२१,२२,२७,२४ हम सब बनाते हैं

वाक्यों के उदाहरण।

वृद्धौ तुष्यतः = २ बूढ़े प्रसन्न होते हैं। चौराः नश्यन्ति=चोर नष्ट होते हैं। अध्यापकः कथयति=पाठक कहता है। रामः त्रस्यति=राम डरता है। मूर्खाः क्रुध्यन्ति=मूर्ख क्रोध करते हैं। वानरान् गणयति=बन्दरों को गिनता है। अगदम् रचयति=औषधि बनाता है। भिक्षुकः अपूपम् पश्यति=भिखारी पूवों को देखता है। जनकः सुतम् भूषयति=पिता पुत्र को सजाता है। बालकः मोदकान् अस्यति=लड़का लड्डुओं को फेंकता है। युवकः कृष्णम् मृगयति=जवान कृष्ण को ढूंढता है। चौराः गुप्यन्ति=चोर घबड़ाते हैं।

भाषा बनाओ।

नरः गुप्यति। रामम् मृगयसि। भिक्षुकाः चस्यन्ति। भृत्यान् गणयामि। ब्राह्मणाः प्रथयन्ति। शिष्यान् लक्षयामः। नृपः मृगयति। वैद्यः मोदकान् गणयति। नटौ कथयतः। मूर्खः सुतम् भूषयति। नृपाः तुष्यन्ति। नृपः कोशम् लक्षयति। सूदः सूपम् रचयति। रामः मृगान् मृगयति। अश्वौ मृगयावः॥

संस्कृत बनाओ।

चोर देखता है। मनुष्य प्रख्यात करता है। नौकर बनाता है। बेटे कहते हैं। अध्यापक घोड़ा ढूंढता है। जवान क्रोध करता है। लड़के को सजाता हूं। बुड्ढा घबड़ाता है। रसोइये को ढूंढता हूं। मैं वानरों को गिनता हूं। राजा चोर को देखता है। ब्राह्मण ईश्वर को देखते हैं। भिखारी दाल को ले जाता है। तुम दवा को कहते हो। मैं दवा बनाता हूं। राम घोड़ों को गिनता है। वह आमों को चूसता है। वह हाथियों की रक्षा करता है। राम ग्लानि करता है। मैं ईश्वर का ध्यान करता हूं। दरिद्र को देखता हूं। कृष्ण कान को भूषित करता है। कछुवे डरते हैं।

संज्ञा।

अकारान्त नपुंसक शब्दसूची॥

धन=द्रव्य　　हृदय=दिल　　हिरण्य=सोना

ज्ञान=बोध	फल=फल	वस्त्र=कपड़ा
गृह—घर	धान्य—नाज	यन्त्र—कल, मैशीन
क्षेत्र-खेत	तृण—घास	शरीर-जिस्म, देह
जल—पानी	आमिष—मांस	नख—नाख़ून
सुख—आराम	पुस्तक—किताब	अन्न—भोजन
दुःख-तकलीफ़	विष—ज़हर	पुण्य-धर्म, भलाई
नेत्र आंख	वन—जंगल	पाप—अधर्म, बुराई
औषध-दवा	गात्र-अंग, अंक	पङ्कज=कमल

३७-अकारान्त नपुंसकलिंग से " सु " (प्रथमा का एक वचन सम्बन्धी) प्रत्यय परे हो तो उसके स्थान में "अम्" हो जाता है ॥

यथा—ज्ञान+सु = ज्ञान+अम् = ज्ञानम् ॥

३८—नपुंसक लिंग से " औ "(प्रथमा द्वितीया का द्विवचन सम्बन्धी) प्रत्यय परे हो तो उसके स्थान में " ई आदेश हो जाता है एवम् " अस् "

३७—अतोऽम् ७ । १ । २४ अतोऽङ्गात् क्लीबात्स्वमोरम् भवति ॥

३८—नपुंसकाच्च ७ । १ । १९ क्लीबादौङः शी भवति । औङ् इत्यौकार विभक्तेः संज्ञा ॥ जश्शसोः शिः ७ । १ । २० क्लीबात् जश्शसोः शिः भवति ॥ शि सर्वनामस्थानम् १ । १ । ४२ शि इत्येतत्सर्वनामस्थानसंज्ञकं भवति नपुंसकस्य झलचः ७ । १ । ७२ झलन्तस्याऽजन्तस्य च क्लीबस्य नुमागमो भवति सर्वनामस्थाने परे ॥ सर्वनामस्थाने चासम्बुद्धौ ६ । ४ । ८ नान्तस्याङ्गस्योपधाया दीर्घो भवत्यसम्बुद्धौ सर्वनामस्थाने च परे ॥

(प्रथमा द्वितीया का बहुवचन सम्बन्धी) परे हो तो उसके स्थान में "नि" आदेश हो जाता है और इस "नि" से पूर्व का स्वर दीर्घ हो जाता है।

यथा-ज्ञान+औ = ज्ञान+ई। ज्ञान+अस् = ज्ञान+नि = ज्ञानानि ॥ धन+अस् = धनानि ॥

३९—ह्रस्व वा दीर्घ अकार से परे मूल एवम् पारिभाषिक स्वर परे हों अथवा उन के दीर्घ रूप परे हों तो पूर्वपर के स्थान में तुल्य तम गुणादेश हो जाता है। अर्थात् अ+इ = ए। अ+ई = ए। आ+इ = ए। आ+ई = ए। अ+उ = ओ। अ+ऊ = ओ। आ+ उ = ओ। आ+ऊ = ओ। ऋ परे हो तो "अर्" हो जाता है ॥

यथा-ज्ञान+ई = ज्ञाने।

अकारान्त नपुंसक लिंग "पुस्तक" शब्द

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	पुस्तकम् २८,३७,३१	पुस्तके २८,३७,३६	पुस्तकानि २८,३८
	एक पुस्तक	दो पुस्तक	बहुतसे पुस्तक
द्वितीया	पुस्तकम् २८,३७,३१	पुस्तके २८,३८,३६	पुस्तकानि २८,३८
	१ पुस्तक को	२ पुस्तकों को	बहुतसी पुस्तकों को

वाक्यों के उदाहरण।

सुखम् भवति सुख होता है। वनानि दहन्ति-जंगल जलते हैं। पुस्तके मृगयासि-२ किताब ढूंढता

३९-आद्गुणः ६। १। ८७ अवर्णादचि परे पूर्वपरयोरेकागुणादेशो भवति संहितायाम् ॥

हूं। अन्नम् पचति—अन्न पचता है। नखम् भूषयामि—नाखून सजाता हूं। हिरण्यम् पश्यथः—तुम दो सोना देखते हो। फलानि नयसि—तू फलों को ले जाता है। वृद्धः वस्त्राणि अस्यति—बुड्ढा कपड़ों को फेंकता है। वृषाः तृणानि चरन्ति—बैल घास खाते हैं॥

भाषा बनाओ।

गृहम् व्रजति। जलम् अस्यति। पण्डिताः पुस्तकानि रचयन्ति। युवकः वस्त्राणि गणयति। रामः विषम् नयति। नरः शरीरम् भूषयति। दुखम् भवति। भूपः क्षेत्राणि गणयति। तृणानि द्रवन्ति। भृत्यः धनम् नयति। सिंहाः आमिषं खादन्ति। वृद्धौ गृहम् त्यजतः। वानरः शरीरम् त्यजति। पापम् त्यजसि। धान्यम् नयामि। गृहम् व्रजामः। वानराः फलानि खादन्ति। शिष्याः पुस्तकम् स्मरन्ति। धान्यानि मृगयामः। अनूचानः पुण्यम् प्रथयति॥

संस्कृत बनाओ।

पुण्य होता है। मैं धन को लेजाता हूं। हम सब १ पुस्तक को बनाते हैं। राम खेत को जाता है। राजा धनों को चाहता है। जङ्गल जलते हैं। अधर्म नष्ट होता है। कलों को बनाता है। सोना लेजाता है। घोड़ा घास खाता है। शिष्य पुस्तकों को ले जाते हैं। अध्यापक प्रसन्न होता है। मूर्ख जाते हैं। तुम बन्दरों को गिनते हो। मैं लड्डुओं को गिनता हूं। तुम सब कपड़ों को बनाते हो॥

क्रिया ।

* तुदादिगणीय परस्मैपदी धातु ।

तुद–पीड़ा देना	विश–घुसना
कृष–जोतना	स्पृश–छूना
वृश्च–काटना	विध–विधान करना
ऋच–तारीफ़ करना	क्षुर–हजामत करना
तृप–तृप्त होना	पृच्छ–पूछना
मिल–मिलना	त्रुट–तोड़ना, काट डालना
लिख–लिखना	मुच्–छोड़ना
स्फुर–फड़कना	

४०–हम २१ वें प्रकम में बतला चुके हैं कि तुदादिगण का विकरण "अ" है । अतएव उक्त विकरण को युक्त कर वर्तमानादि में रूप बना लेने चाहिएं । यहां यह शङ्का हो सकती है कि भ्वादिगण का भी विकरण "अ" है और तुदादि का भी । जब दोनों का विकरण एक ही है तो फिर तुदादिगण के धातुओं को पृथक् करने की आवश्यकता क्या हुई ? अथवा इन

---

* धातूनां संस्कृतपाठः–तुद व्यथने । कृष विलेखने । ओव्रश्चू छेदने । तृप तृम्फ तृप्तौ । ऋच स्तुतौ । मिल श्लेषणे । लिख अक्षरविन्यासे । स्फुर स्फुरणे । विश प्रवेशने । स्पृश संस्पर्शने । विध विधाने । क्षुर विलेखने । प्रच्छ ज्ञीप्सायाम् । त्रुट छेदने । मुच्लृ मोक्षणे ॥

४०–सार्वधातुकमपित्–क्ङिति च १।१।५ गित्क्ङित् निमित्ते इग् लक्षणे गुणवृद्धी न स्तः ॥

दोनों गणों के वर्तमानादि काल के रूप में कितना वा क्या भेद रहेगा? इन प्रश्नों के उत्तर में इस पुस्तक के पाठकों के निमित्त अभी यहां इतना ही लिखना पर्याप्त है कि भ्वादिगणों में २३ वें प्रक्रम से धातु के उपधा को गुणादेश हो जाता है, परन्तु इस गण में नहीं होता। इस के अतिरिक्त जो अन्य भेद होंगे वे यथास्थान दर्शाये जायेंगे॥

तुदादिगणीय परस्मैपदी "विश" धातु के रूप।

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमपुरुष	विशति	विशतः	विशन्ति
	२१, २२	२१, २२, २४	२१, २२
	वह १ घुसता है	वे दो घुसते हैं	वे सब घुसते हैं
मध्यमपुरुष	विशसि	विशथः	विशथ
	२१, २२	२१, २२, २४	२१, २२
	तुम घुसते हो	तुम दो घुसते हो	तुम सब घुसते हो
उत्तमपुरुष	विशामि	विशावः	विशामः
	२१, २२, २७	२१, २२, २४	२१, २२, २७, २४
	मैं घुसता हूं	हम दो घुसते हैं	हम सब घुसते हैं।

वाक्यों के उदाहरण।

औषधम् पृच्छति-दवा को पूछता है। कठेराः लज्जन्ति-दरिद्र शर्माते हैं। शिवम् ऋचामि-ईश्वर की स्तुति करता हूं। इतिहासं पृच्छथ-तुम सब इतिहास को पूछते हो। कृष्णः मिलति-कृष्ण मिलता है। चोरः तुदति-चोर दुःखी होता है। रामः कंकालम् स्पृशति-राम अस्थिपञ्जर को छूता है। शिष्याः

इतिहासम् लिखन्ति–विद्यार्थी इतिहास को लिखते हैं। क्षेत्रम् कृषावः– खेत हम २ जोतते हैं। इन्दुरम् मुञ्चामि–चूहे को छोड़ता हूं॥

भाषा बनाओ।

गात्रम् स्पृशासि। पुस्तकम् लिखसि। कृष्णः पृच्छति। भिक्षुकाः मिलन्ति। रामः लज्जति। औषधानि विधति। रामम् मुञ्चामि। विप्राः ऋचन्ति। नेत्रे स्फुरतः। कृष्णः क्षुरति। रामः विशति। नरः धान्यम् स्पृशति। अनूचानाः पुस्तकान् लिखन्ति। अध्यापकः शिष्यम् पृच्छति॥

संस्कृत बनाओ।

कृष्ण मिलता है। खेत जोतते हो। होशियार लिखते हैं। दरिद्र छूता है। पण्डित पूछता है। घायल लिखते हैं। बड़ा भाई मिलता है। नौकर कढ़ाह को पूछता है। मोतबिर विधान करते हैं। १ आंख फड़कती है। पाठक पुस्तकों को लिखते हैं। कपड़े को पूछता है।

सूचना–हम ८ वें प्रक्रम में बतलाचुके हैं, वाक्य में सन्धि करना, न करना प्रयोक्ता की इच्छा के आधीन है इसी हेतु बालकों के सौकरार्थ अब तक हमने जो वाक्यमाला लिखी है उन सब में सन्धि का प्रयोग नहीं किया है; परन्तु अब आगे थोड़ा २ वाक्यों में भी सन्धि करना आरम्भ करेंगे। जिस

से सन्धिसम्पन्न वाक्यों का भी ज्ञान अध्येताओं को यथावत् होने लगे। २५वें, २८वें, ३०वें, ३८वें प्रक्रमों को भी पदान्त सन्धि के लिये स्मरण रखना आवश्यक है। तद्व्यतिरिक्त अन्य नियमों का उल्लेख आरम्भ करते हैं॥

४१ इ उ ऋ इन स्वरों वा इन के दीर्घ रूपों के आगे कोई असवर्ण स्वर हो तो उक्त स्वरों को क्रमशः य्, व्, र् आदेश होते हैं। अर्थात् इ, ई के स्थान में "य्" एवं उ, ऊ के स्थान में "व्" और ऋ ॠ के स्थान में "र्" आदेश होता है॥

यथा-पतति+अश्वः=पतत्यश्वः॥

४२ यदि पदान्त 'अः' से परे अकार एवम् घोषवर्ण हो तो उस "अः" के स्थान में "ओ" हो जाता है॥

यथा-नरः+व्रजति=नरो व्रजति॥

४३-पदान्त ए, ओ से आगे यदि ह्रस्व अकार हो तो वह अकार पूर्व स्वर में मिल जाता है॥

४१-इको यणचि ६।१।७७ इकः स्थाने यण् भवत्यचि परे॥

